# शर्ती पात्रता के लिए स्वीकार्य दस्तावेज़

## परिचय

कुछ मामलों में, कवरेज में नामांकन के लिए Washington Healthplanfinder™ को आपके परिवार के बारे में अतिरिक्त सत्यापन जानकारी की ज़रूरत होती है। यह तब होता है जब अगर आपके आवेदन की जाँच करने वाली प्रणाली आपकी कुछ जानकारी की पुष्टि न कर पाई हो। Washington Healthplanfinder को प्रदान करने के लिए स्वीकार्य दस्तावेज़ प्रकार की पूर्ण सूची के लिए नीचे दिए भागों को देखें।

## विषय सूची


परिचय........................................1
आय और कटौती का सबूत........................................2
कानूनी उपस्थिति का सबूत........................................4
नागरिकता का सबूत और यू.एस. नागरिक........................................11
कोई अन्य स्वास्थ्य कवरेज न होने का साक्ष्य........................................13
गैर-कारावास का सबूत........................................13
सोशल सिक्योरिटी नंबर (SSN) का सबूत........................................14
जनजाति की सदस्यता का सबूत........................................14


अपडेट किया गया नवंबर 2024

# आय और कटौती का सबूत

## अर्जित आय - गैर-स्वनियोजित वेतन

- पे स्टब इसमें यह जानकारी शामिल होनी चाहिए:
    - व्यक्ति का पूरा नाम या फिर व्यक्ति से जुड़ने के लिए उनकी अन्य पहचान योग्य जानकारी।
    - आय राशि।
    - वेतन की अवधि या वेतन का आवर्तन, भुगतान की तिथि के साथ।
    - फेडरल / स्टेट इनकम टैक्स फॉर्म 1040, 1040NR, 1040A, 1040EZ, 1040PC, पिछले वर्ष के मूल फॉर्म 1040 के साथ 1040X, Schedule Eit (शिड्यूल ईएलटी) वाले 1040 में व्यक्ति का पूरा नाम, आय की राशि और कर का वर्ष शामिल होने चाहिए।
- वेतन और कर का स्टेटमेन्ट (W-2 और/या 1099, 1099 MISC, 1099G, 1099R, 1099SSA, 1099DIV, 1099SS, 1099INT सहित)।
    - इसमें व्यक्ति का नाम और कुल नाम, आय की राशि, साल और नियोक्ता का नाम (अगर लागू होता हो) शामिल होना चाहिए)।
- नियोक्ता के स्टेटमेन्ट में यह शामिल होना चाहिए:
    - नियुक्त व्यक्ति का नाम।
    - नियोक्ता के हस्ताक्षर और तिथि।
- विदेशी आय, पे स्टब या अन्य दस्तावेज़।
    - वर्तमान दिन का डॉलर रूपांतरण इस्तेमाल करें।

## अर्जित आय - स्वनियोजन (कृषि की आय सहित)

- स्वनियोजन खाता बही दस्तावेज़ (यह शिड्यूल C हो सकता है, सब से करीबी त्रिमासिक या साल की शुरुआत से इस दिन तक का मुनाफा और नुकसान स्टेमेन्ट हो सकता है या स्व-नियोजन खाता बही हो सकती है)।
    - इसमें व्यक्ति का नाम, कुलनाम, कंपनी का नाम और आय की राशि शामिल होनी चाहिए।
    - स्वनियोजन खाता बही में खाताबही के द्वारा कवर की जाने वाली तिथियाँ और मुनाफे/नुकसान से निवल आय शामिल होनी चाहिए।
- शिड्यूल C, F, या SE (स्वनियोजन आय के लिए) के साथ 1040।
- 1065 शिड्यूल E के साथ शिड्यूल K1।
- टैक्स रिटर्न।

- सभी अनुमत खर्चों के लिए लेखा रिकॉर्ड रसीदें।
- बैंक स्टेटमेन्ट (निजी और बिज़नेस के) और कैंसल किए हुए चेक।
- हस्ताक्षरित टाइम शीट और पेरोल की रसीद, अगर आपके कर्मचारी हों।
- सब से हाल का त्रैमासिक या वर्ष की शुरुआत से इस तिथि तक का मुनाफे और नुकसान का स्टेटमेन्ट।

## अर्जित न की गई आय

- ऐन्युइटी का स्टेटमेन्ट।
- किसी भी सरकारी या निजी स्रोत से पेंशन वितरण का स्टेटमेन्ट।
- कामगार का मुआवजा (वर्कर्स कॉम्पनसेशन) पत्र।
- ईनाम, सेटलमेन्ट और अवॉर्ड, जिसमें प्राप्त एलिमॉनी और कोर्ट द्वारा आदेशित अवॉर्ड के पत्र शामिल हैं।
- तोहफे और योगदान का सबूत।
- नकदी या संपत्ति में विरासत का सबूत।
- हड़ताल के वेतन और यूनियन से अन्य लाभों का सबूत।
- बिक्री की रसीदें या व्यक्ति जिसका मालिक है ऐसी चीज़ों की बिक्री, एक्सचेंज या रिप्लेसमेन्ट से प्राप्त पैसों का अन्य सबूत।
- ब्याज और डिविडंड आय का स्टेटमेन्ट।
- लोन स्टेटमेन्ट जिसमें लोन की राशि दिखाई गई हो।
- रॉयल्टी से आय का स्टेटमेन्ट या 1099-MISC।
- बोनस / इनसेन्टिव के भुगतान का सबूत (जैसे कि पत्र या फिर जमा राशि दिखाने वाला बैंक स्टेटमेन्ट)।
- नौकरी से मुक्त किए जाने पर चुकाई जाने वाली राशि का सबूत।
- बीमारी के वेतन को दिखाने वाला पे स्टब।
- विलंबित मुआवज़ा भुगतान का पत्र, डिपोज़िट या अन्य साक्ष्य।
- सब्स्टिट्यूट/आसिस्टन्ट का वेतन दिखाने वाला पे स्टब।
- छुट्टियों का वेतन दिखाने वाला पे स्टब।
- शेष राशि का साक्ष्य।
- यात्रा / काम के लिए किए गए खर्च की भरपाई का पत्र, डिपोज़िट या अन्य साक्ष्य।
- सामाजिक सुरक्षा प्रशासन (Social Security Administration) के स्टेटमेन्ट (सोशल सिक्योरिटी बेनिफिट्स लेटर)
  - निवृत्ति, उत्तरजीवी अक्षमता बीमा (Retirement, Survivors Disability Insurance, RSDI), सोशल सिक्योरिटी रिटायरमेन्ट (Social Security Retirement), सोशल सिक्योरिटी डिसेबिलिटी इंशुरैंस (Social Security Disability Insurance, SSDI)।
  - इसमें नाम और कुल नाम, बेनिफिट की राशि और भुगतान की आवृत्ति शामिल होनी चाहिए।
- अनएम्प्लॉयमेन्ट बेनिफिट्स का पत्र।
  - इसमें व्यक्ति का नाम और कुल नाम, स्रोत/एजेन्सी, बेनिफिट्स की राशि और अवधि (शुरुआत और समापन तिथि, अगर लागू हो) होने चाहिए।

अगर उपरोक्त में से कुछ भी उपलब्ध न हो, तो विशेष परिस्थिति में पात्रता सत्यापन में अपवाद (Exception to Eligibility Verification in Special Circumstances) फॉर्म यहाँ मिल सकेगा [https://www.wahealthplanfinder.org/content/dam/wahbe-assets/materials/exception-to-verification-for-income/HBE_NC_022024_EN_Exception_To_Eligibility_Income_Form.pdf](https://www.wahealthplanfinder.org/content/dam/wahbe-assets/materials/exception-to-verification-for-income/HBE_NC_022024_EN_Exception_To_Eligibility_Income_Form.pdf)

# कानूनी उपस्थिति का सबूत

## कानूनी स्थायी निवासी (LPR/ग्रीन कार्ड धारक)

- परमेनन्ट रेसिडेन्ट कार्ड या "Green Card" ।(ग्रीन कार्ड) (I-551)।
- फॉर्म I-94/I-94A या विदेशी पासपोर्ट पर टेम्पोरेरी I-551 स्टैम्प
- टैम्पोरेरी I-551 की भाषा वाला मशीन द्वारा पढ़ने योग्य इमिग्रंट वीजा.
- रीएंट्री परमिट (I-327).
- आगमन/प्रस्थान रिकॉर्ड (I-94) (जिसमें LPR के रूप में प्रवेश का स्टैम्प दिखाई देता हो)।
- विदेशी पासपोर्ट में आगमन/प्रस्थान रिकॉर्ड (जिसमें LPR के रूप में प्रवेश का स्टैम्प दिखाई देता हो)।
- डिपार्टमेन्ट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (Department of Homeland Security, DHS), बोर्ड ऑफ इमिग्रेशन अपील्स या इमिग्रेशन जज द्वारा जारी आदेश जो कि रजिस्ट्री, निर्वासन का निलंबन, हटाए जाने का रद्दीकरण या फिर स्थिति का समायोजन प्रदान करता हो।
- USCIS की रसीद जो दिखाती हो कि LPR के बदली के कार्ड के लिए आवेदन, फॉर्म I-90 दायर किया गया है।

## शरणार्थी – केवल वे व्यक्ति जिन्हें नियोजन अधिकृति प्रदान की गई हो या जिनकी उम्र 14 साल से कम हो

- आगमन / प्रस्थान का रिकॉर्ड (I-94) (जिसमें शरण दी गई होना दिखाने वाला स्टैम्प, "Asylee" या "§208" लगा हो)।
- विदेशी पासपोर्ट में आगमन / प्रस्थान का रिकॉर्ड (I-94) (जिसमें शरण दी गई होना दिखाने वाला स्टैम्प, "Asylee" या "§208" लगा हो)।
- USCIS, DHS, इमिग्रेशन जज, बोर्ड ऑफ इमिग्रेशन अपील्स या संघीय अदालत द्वारा शरण देने का आदेश।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) (टिप्पणी किया हुआ "A5")।
- शरणार्थी यात्रा दस्तावेज़ (I-571)।.
- पर्मेनन्ट रेसिडेन्ट कार्ड, "Green Card" (ग्रीन कार्ड) (I-551) ("AS1," "AS2," "AS3," "AS4," "AS5," "AS6," "AS7" "AS8," "GA6," "GA7," "GA8" टिप्पणी किया हुआ)।
    - नोट: I-551 की टिप्पणी LPR में समायोजन से पहले की स्थिति दिखाई देती है, जो कि केवल शरणार्थियों के लिए 5 साल की छूट की अवधि के लिए ही महत्वपूर्ण है।

## शरणार्थी

- आगमन/प्रस्थान का रिकॉर्ड (I-94/I-94A) (जिस पर "Refugee" या "§207" का स्टैम्प लगा हो)।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) (टिप्पणी किया हुआ "A3")।
- शरणार्थी यात्रा दस्तावेज़ (I-571)।.
- पर्मेनन्ट रेसिडेंट कार्ड, "Green Card" (ग्रीन कार्ड) (I-551) (इस पर "RE6," "RE7," "RE8," या "RE9" टिप्पणी हो सकती है)।
    - नोट: टिप्पणी में LPR में समायोजन से पहले की स्थिति दिखाई देती है, जो कि केवल शरणार्थियों के लिए 5 साल की छूट की अवधि के लिए ही महत्वपूर्ण है।
- रोज़गार अधिकृति के लिए आवेदन (I-765), या आवेदन दायर करने को निर्दिष्ट करने वाली USCIS की रसीद।

## शर्ती प्रवेशकर्ता (CE) 1980 से पहले अनुमत

नोट: यह 1980 के शरणार्थी कानून (Refugee Act of 1980) के पहले आए शरणार्थियों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आप्रवासन स्थिति है, अधिकतर को LPR में समायोजित कर दिया गया है, हालाँकि कुछ की अब भी CE स्थिति है।

- आगमन/प्रस्थान का रिकॉर्ड (I-94/I-94A) ("शर्ती प्रवेशकर्ता", "शरणार्थी-शर्ती प्रवेशकर्ता" "सातवीं पसंद", "§203(a)(7)" या "P7" के रूप में स्थिति दिखाने वाला)।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) (टिप्पणी किया हुआ "A3")।
- पर्मेनन्ट रेसिडेन्ट कार्ड या "Green Card" (ग्रीन कार्ड) (I-551) (इस पर "R86" टिप्पणी हो सकती है)।
    - नोट: यह टिप्पणी LPR में समायोजन से पहले की स्थिति दिखाती है, जो कि केवल शर्ती प्रवेशकर्ताओं के लिए 5 साल की छूट की अवधि के लिए ही महत्वपूर्ण है।

## जिन व्यक्तियों को निर्वासन में निलंबन या फिर आप्रवासन कानूनों के तहत बिना हटाए जाने को रोके या सितम के खिलाफ व्यवहार प्रदान किया गया हो

यह जानकारी केवल उन व्यक्तियों के लिए है जिन्हें रोज़गार अधिकृति प्रदान की गई है।

- हटाए जाने को रोकने को दिखाने वाला दस्तावेज़ (जैसे कि USCIS, DHS, आप्रवासन जज, आप्रवासन बोर्ड अपील या संघीय अदालत द्वारा जारी निर्वासन / हटाए जाने को रोकने की अनुमति देने वाला आदेश)।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) ("A10" टिप्पणी किया हुआ)।
- डिपार्ट्मेन्ट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा हटाए जाने के आदेश पर स्टे लगाने वाला प्रशासनिक आदेश।
- आगमन/प्रस्थान का रिकॉर्ड (I-94/I-94A) (जिस पर "Withholding of Deportation," "§243(h)" या "§241(b)(3)" का स्टैम्प लगा हो)।
- शरणार्थी यात्रा दस्तावेज़ (I-571)।

## यू.एस. में कम से कम एक साल के लिए पेरोल दिए गए व्यक्ति

- आगमन/प्रस्थान का रिकॉर्ड (I-94/I-94A) (जिस पर “parole” या “PIP” या “212(d)(5)” पेरोल की स्थिति दिखाने वाली अन्य भाषा वाला स्टैम्प लगा हो)।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) (“A4” या “C11” टिप्पणी किया हुआ)।
- रोज़गार अधिकृति और अग्रिम पेरोल कार्ड (I-512) (संघीय नियम संहिता के टाइटल 8 के तहत पेरोल दी जाने के कारण की टिप्पणी के साथ)।
- आप्रवासन जज द्वारा कम से कम एक साल तक पेरोल देने वाला नोटिस या अदालत का आदेश।

## क्यूबा या हैती के प्रवेशकर्ता

- आगमन/प्रस्थान का रिकॉर्ड (I-94/I-94A) (“Cuban/Haitian Entrant” या अन्य टिप्पणी जिसमें अन्यों में “parole under §212(d)(5)”, “CU6,” “CU7,” या “CH6,” चिह्नित की जाती है - 1980 के दशक के बाद से कम दिखाई देने वाली)।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) “C8,” या “C11” टिप्पणी किया हुआ)।
- अस्थायी I-551 स्टैम्प (पासपोर्ट या I-94/I-94A पर)।
- पर्मेनन्ट रेसिडेंट कार्ड, “Green Card” (ग्रीन कार्ड) (I-551) (इस पर “CU6,” “CU7,” “CU8,” या “RE9” टिप्पणी हो सकती है)।
    - नोट: I-551 की टिप्पणी LPR में समायोजन से पहले की स्थिति दिखाई देती है, जो कि केवल क्यूबा / हैती के प्रवेशकर्ताओं के लिए 5 साल की छूट की अवधि के लिए ही महत्वपूर्ण है।
- शरण के लिए आवेदन और रोकथाम का आवेदन (I-589) दायर करने या उसकी अनिर्णीत स्थिति दिखाने वाली रसीद या नोटिस।

## पात्र घरेलू हिंसा पीड़ित

यू.एस. में किसी जीवनसाथी, माता-पिता या उसी परिवार के रिश्तेदार द्वारा बुरी तरह से पीटे गए या यू.एस. में किसी जीवनसाथी या बच्चे के माता-पिता और/या बच्चा जिसे महिलाओं के खिलाफ हिंसा कानून (Violence Against Women Act, VAWA) के तहत स्वीकृति दी गई है या जिसकी इसके लिए एक अनिर्णीत अरज़ी है:

(1) किसी यू.एस. नागरिक के जीवनसाथी या बच्चे के रूप में स्थिति
(2) यू.एस. के किसी कानूनन स्थायी निवासी के जीवनसाथी या बच्चे के रूप में स्थिति,
(3) निर्वासन का निलंबन या
(4) हटाए जाने का रद्दीकरण।

- कार्र्वाई का नोटिस (I-797) (जिस में किसी अनिर्णीत “I-360” का संदर्भ हो)।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) (“A10,” “C14,” “C9,” “C10,” “C14” या “C31” टिप्पणी किया हुआ)।
- I-485 “स्थायी निवास पंजीकृत करने या स्थिति को समायोजित करने के लिए आवेदन (Application to Register Permanent Residence or Adjust Status)” की रसीद या दायर करने का अन्य सबूत।
- कोई भी दस्तावेज़ जो निर्वासन का निलंबन या हटाए जाने के मामले के रद्दीकरण को दिखाने वाले कोई भी दस्तावेज़, जिसमें किसी आप्रवासन अदालत से निर्वासन के निलंबन के लिए आवेदन (Application for Suspension of Deportation) (EOIR-40) या हटाए जाने के रद्दीकरण के लिए आवेदन (Application for Cancellation of Removal) (EOIR-42) को दायर करने की रसीद शामिल है।
- नज़दीकी रिश्तेदार (IR) या द्वितीय परिवार पसंद (P-2) के तहत I-130 वीजा आवेदन दायर करने की रसीद या अन्य सबूत, जिसमें जीवनसाथी या बच्चे के रूप में स्थिति दिखाई गई हो।

## मानव तस्करी के शिकार और उनका/उनकी जीवनसाथी, बच्चा, भाई-बहन या माता-पिता

या फिर मानव तस्करी के शिकार के वीजा के अनिर्णीत आवेदन वाले व्यक्ति।

- शरणार्थी पुनर्वास कार्यालय (Office of Refugee Resettlement, ORR) से प्रमाणन।
- अगर 18 साल से कम आयु हो तो ORR के लिए पात्रता का पत्र।
- यू.एस. स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (Department of Health and Human Services) की तस्करी सत्यापन लाइन (Trafficking Verification Line) (866)-401-5510 द्वारा सत्यापित प्रमाणन स्थिति।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) (“A16,” “C25” टिप्पणी वाला)।
- कार्र्वाई का नोटिस (I-797) (“CP,” “T-1”या “T या U गैर आप्रवासी स्थिति का विस्तारण” (“extension of T or U nonimmigrant status”, “T-2,” “T-3,” “T-4,” “T-5,” के लिए “स्वीकृति का नोटिस (Approval Notice)”)।
- पर्मेनन्ट रेसिडेंट कार्ड, “Green Card” (ग्रीन कार्ड) (I-551) (“ST6,” “ST7,” “ST8,” “ST9,” या “ST0” टिप्पणी किया हुआ)।
- रोज़गार अधिकृति और एडवांस पेरोल कार्ड (Advance Parole Card) (I-512) (पेरोल के लिए अधिकृति, जिसमें “T-2,” “T-3,” “T-4,” “T-5,” स्थिति दिखाई गई हो)।
- T-वीजा आवेदन (I-914).

## संघीय रूप से स्वीकृत इंडियन जनजाति या फिर केनेडा में जन्मे अमेरिकन इंडियन

- आंतरिक मामले विभाग (Department of Interior) से नेटिव अमेरिकन वंश का प्रमाणन करने वाला प्रमाणपत्र या अन्य आधिकारिक दस्तावेज़।
- केनेडा के इंडियन मामले विभाग (Department of Indian Affairs), केनेडियन इंडियन रिज़र्वेशन पर जारी किया गया जन्म या बाप्तिज़्म का रिकॉर्ड या जनजातीय या स्कूल रिकॉर्ड जिससे स्थापित होता हो कि केनेडा में जन्मे अमेरिकन इंडियन के वंश का कम से कम आधा हिस्सा अमेरिकन इंडियन वंश का है।

## गैर-प्रावसी स्थिति वाले व्यक्ति (पत्र वीजा) जिसमें कामगार वीज (जैसे H1, H-2A, H-2B), स्टूडेंट वीजा, U-वीजा, T-वीजा और अन्य वीजा शामिल हैं

- गैर-प्रवासी विद्यार्थी स्थिति के लिए पात्रता का प्रमाण पत्र (I-20) जो विद्यार्थी वीजा स्थितियों (F-1 या F-2) के लिए आवेदन का समर्थन करता हो।
- एक्सचेंज मुलाकाती वीजा स्थिति (DS2019) के लिए पात्रता का प्रमाण पत्र जो एक्सचेंज विजिटर वीजा स्थितियों (J-1 या J-2) का समर्थन करता हो।
- आगमन/प्रस्थान का रिकॉर्ड (I-94/I-94A) (जिसमें U गैर-आप्रवासी स्थिति के साथ यू.एस में प्रवेश निर्दिष्ट किया गया हो) विदेशी पासपोर्ट (जिसमें गैर-प्रवासी वीजा के साथ यू.एस में प्रवेश निर्दिष्ट किया गया हो)।
- कार्रवाई का नोटिस (I-797) (गैर-प्रवासी स्थिति देना ("Granting nonimmigrant status") गैर-प्रवासी स्थिति को बढ़ाने/ बदलने के लिए आवेदन को स्वीकृति देना ("Approving application to extend/change nonimmigrant status))।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) (गैर-प्रवासी स्थिति दिखाने वाला)।
- फॉर्म I-918 जमा करने का सबूत।
- फॉर्म I-102 या I-918 के लिए रसीद।

## माइक्रोनेशिया, मार्शल आइलैंड्स और पलाऊ के नागरिक

- आगमन/प्रस्थान का रिकॉर्ड (I-94/I-94A)।
- विदेशी पासपोर्ट (जिस पर "CFA/RMI," "CFA/FSM" या "CFA/PAL." टिप्पणी की गई हो।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) ("A8" टिप्पणी किया हुआ)।

## कानूनी अस्थायी निवासी

- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) ("A2" टिप्पणी किया हुआ या फिर "§210" या "§245A" के तहत पात्रता दिखाने वाले अन्य सबूत के साथ)।
- INA §245A के तहत अस्थायी से स्थायी निवास में समायोजन के लिए आवेदन (I-698)।

## अस्थायी संरक्षित स्थिति (Temporary Protected Status, TPS) वाले व्यक्ति

केवल वह व्यक्ति जिन्हें रोज़गार के लिए अधिकृति प्रदान की गई हो।

- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) ("A12" टिप्पणी किया हुआ)।
- कार्र्वाई का नोटिस (I-797) (TPS स्थिति प्रदान की गई होना दिखाने वाला)।

## ऐसे व्यक्ति जिन्हें विलंबित लागू प्रस्थान (Deferred Enforced Departure, DED) प्रदान किया गया हो

- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) ("A11" टिप्पणी किया हुआ)।

## विलंबित कार्र्वाई (Deferred Action) स्थिति प्रदान किए गए व्यक्ति

- कार्र्वाई का नोटिस (I-797) (जो "निलंबित कार्र्वाई" स्थिति की स्वीकृति दिखाता हो)।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) ("C14" या "C33" टिप्पणी किया हुआ)।

## फैमिली यूनिटी लाभार्थी

- कार्र्वाई का नोटिस (I-797) (जो " परिवार के इकट्ठा होने के आवेदन (Application for Family Unity) (I-817)" के लिए स्वीकृति दिखाता हो)।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) ("A13" टिप्पणी किया हुआ)।

## **देखरेख के आदेश वाले व्यक्ति -** केवल वे व्यक्ति जिन्हें रोज़गार अधिकृति नोटिस या फॉर्म प्रदान किया गया हो

- "देखरेख के आदेश (Order of Supervision)" के तहत मुक्ति दिखाने वाला नोटिस या फॉर्म।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766)।

## अमेरिकन समोआ के निवासी

- ऐसा दस्तावेज़ जो दिखाता है कि व्यक्ति अमेरिकन समोआ का निवासी है या उसमें रहता है।

## **रजिस्ट्री आवेदक -** केवल ऐसे व्यक्ति, जिन्हें रोज़गार अधिकृति प्रदान की गई है

- I-485 "स्थायी निवास पंजीकृत करने या स्थिति को समायोजित करने के लिए आवेदन (Application to Register Permanent Residence or Adjust Status)" की रसीद या दायर करने का नोटिस।
- रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766)।

## निम्नलिखित स्थितियों में से किसी भी स्थिति के लिए आवेदक:

- अस्थायी संरक्षित स्थिति (Temporary Protected Status, TPS) केवल रोज़गार अधिकृति **के साथ**।
  - "अस्थायी संरक्षित स्थिति के लिए आवेदन (Application for Temporary Protected Status)" (I-821) दायर करने की रसीद या उसकी अनिर्णीत स्थिति दिखाने वाला नोटिस।
  - रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) ("C19" टिप्पणी किया हुआ)।
- LPR स्थिति में समायोजन।
  - कार्रवाई का नोटिस (I-797) (ASC अपॉइंटमेंट नोटिस, जिसमें केस का प्रकार (Case Type) हो "I-485 Application...," "Receipt for Application for रोज़गार अधिकृति based on C9")।
  - रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) (जैसे "C9" या "C9P" टिप्पणी किया हुआ)।
  - रोज़गार अधिकृति और एडवांस पेरोल कार्ड (Advance Parole Card) (I-512) (पेरोल के लिए अधिकृति, जिसमें स्थिति के समायोजन के लिए आवेदक दिखाया गया हो)।
  - I-485 "स्थायी निवास पंजीकृत करने या स्थिति को समायोजित करने के लिए आवेदन (Application to Register Permanent Residence or Adjust Status)" दायर करने या अनिर्णीत होना दिखाने वाली रसीद।
- केवल IRCA या LIFE कानून के तहत कानूनीकरण **जिसके साथ** रोज़गार अधिकृति हो।
  - रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड)(I-766) (जिसमें "Application for Temporary Residence under INA §245A" (I-687) टिप्पणी हो)।
  - विदेशी पासपोर्ट (जिस में INS/DHS अधिकारी द्वारा स्टैम्प लगाया गया हो या लिखा गया हो, जो अनिर्णीत "§245A Application" दिखाता हो)।
- खास प्रवासी नाबालिग स्थिति।
  - कार्रवाई का नोटिस (I-797) ("खास प्रवासी नाबालिग स्वीकृति नोटिस (Special Immigrant Juvenile Approval Notice)," "स्वागत नोटिस /I-485 की स्वीकृति (Welcome Notice/Approval of I-485)," या "समायोजन SL6 का अन्य आधार (Other Basis of Adjustment SL6")।
  - पर्मेनन्ट रेसिडेंट कार्ड, "Green Card" (ग्रीन कार्ड) (I-551) ("SL6" कोड किया हुआ)।
- शरण देना या निर्वासन/हटाए जाने को रोकना, जिसमें सितम के खिलाफ व्यवहार (Convention against Torture. CAT) के तहत आवेदक शामिल हैं, केवल वही, जिनके पास रोज़गार अधिकृति हो, या जिनकी उम्र 14 साल से कम हो।
  - रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766) ("C8" टिप्पणी किया हुआ)।
  - "शरण के लिए आवेदन और रोकथाम के लिए आवेदन (Application for Asylum and Withholding)" (I-589) को दायर करने या अनिर्णीत होने की स्थिति दिखाने वाली रसीद या नोटिस।
  - मानव तस्करी पीड़ित वीजा

- प्रवासन संबंधी कानून या सितम के खिलाफ व्यवहार (Convention against Torture. CAT) के तहत निर्वासन को रोकना या हटाए जाने को रोकना केवल रोज़गार अधिकृति **के साथ**।.
    - रोज़गार अधिकृति के साथ हटाए जाने का रद्दीकरण या निर्वासन का निलंबन।
    - फॉर्म EOIR-40, EOIR-42, या "निर्वासन के निलंबन या खास नियम हटाए जाने के रद्दीकरण के लिए आवेदन (Application for Suspension of Deportation or Special Rule Cancellation of Remova)l" (I-881) की रसीद या इसे दायर करने को दिखाने वाला नोटिस।
    - रोज़गार अधिकृति दस्तावेज़ (कार्ड) (I-766)।

# नागरिकता का सबूत और यू.एस. नागरिक।

## नागरिकता का मुख्य (एकल) सबूत

- यू.एस. पासपोर्ट / यू.एस. पासपोर्ट कार्ड (समय समाप्त हो गया हो तब भी वैध)।
- एनहांस्ड आईडी या ड्राइवर्स लाइसेंस ("Enhanced" [एनहांस्ड] उल्लिखित होना चाहिए) अप्रैल 2024 से केवल मिशिनगन, मिनेसोटा, न्यूयॉर्क, वरमॉन्ट और वॉशिंगटन स्टेट में प्रदान किया जाता है।
- नेक्सस कार्ड (जिसका समय समाप्त न हुआ हो)।
- यू.एस. नागरिकता का प्रमाणपत्र।
    - INS फॉर्म N-560।
    - INS फॉर्म N-561।
- नैचुरलाइज़ेशन का प्रमाणपत्र।
    - INS फॉर्म N-550, N-570, N-578 या N-565।
- किसी संघीय रूप से स्वीकृत अमेरिकन इंडियन या अलास्का नेटिव जनजाति द्वारा जारी दस्तावेज़ी सबूत। दस्तावेज़ों में व्यक्ति की नाम से पहचान की जानी चाहिए और उनकी जनजाति की सदस्यता, नामांकन या सहयोग की पुष्टि की जानी चाहिए। दस्तावेज़ों में ये शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं हैं:
    - जनजातीय नामांकन कार्ड।
    - इंडियन खून की मात्रा का प्रमाणपत्र।
    - जनजातीय जनगणना दस्तावेज़।
    - जनजाती के लेटरहेड पर जनजाती के नेता के द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज़।

## नागरिकता का गौण सबूत

अगर आवेदक के पास उपरोक्त मुख्य (एकल) सबूतों में से कोई न हो, तो आवेदक को निम्न कॉलमों में से प्रत्येक में से एक, ऐसे दो दस्तावेज़ (गौण सबूत) प्रदान करने होंगे। नोट: समय समाप्त हो चुके दस्तावेज़ पहचान के साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य हैं।

| **इन दस्तावेज़ों में से एक:** | **और इन दस्तावेज़ों में से एक:** |
|---|---|
| • यू.एस सरकारी जन्म प्रमाण पत्र<br>• विदेश में जन्म का कॉन्सुलर रिपोर्ट (FS-240, CRBA)<br>• जन्म की रिपोर्ट का प्रमाणन (DS-1350)<br>• विदेश में जन्म का प्रमाणन (FS-545)<br>• यू.एस नागरिक पहचान Card (I-197 या पहले का संस्करण I-179)<br>• नॉर्दर्न मारियाना कार्ड (I-873)<br>• व्यक्ति का नाम और यू.एस. का जन्म स्थल दिखाने वाला अंतिम गोद लेने का आदेश<br>• 1 जून 1976 के पहले का यू.एस. सरकारी सेवा रोज़गार का रिकॉर्ड<br>• यू.एस. में जन्म का स्थान दिखाने वाला कोई सैनिक रिकॉर्ड<br>• किसी क्लिनिक, अस्पताल, फिजिशियन, दाई या संस्थान से यू.एस. में जन्म स्थल दिखाने वाला यू.एस चिकित्सीय रिकॉर्ड<br>• यू.एस में जन्म स्थल दिखाने वाला यू.एस का जीवन, स्वास्थ्य या अन्य बीमा रिकॉर्ड<br>• यू.एस. में रिकॉर्ड किया गया यू.एस. जन्म स्थल दिखाने वाला धार्मिक रिकॉर्ड<br>• बच्चे का नाम और यू.एस का जन्म स्थल दिखाने वाला स्कूल रिकॉर्ड<br>• यू.एस की नागरिकता या यू.एस जन्म स्थल दिखाने वाला संघीय या राज्य जनगणना रिकॉर्ड<br>• विदेश में जन्मे गोद लिए गए बच्चे का के दस्तावेज़ जिसे स्वतः यू.एस की नागरिकता मिल गई (IR3 या IH3)<br>• व्यक्तिगत फी रजिस्टर रसीद (INS फॉर्म G-711)<br>• पात्रता के लिए प्रणालीगत विदेशी नागरिक सत्यापन (Systematic Alien Verification for Entitlements, SAVE) या डिपार्टमेन्ट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (Department of Homeland Security) द्वारा किसी व्यक्ति की नागरिकता का सत्यापन करने के लिए स्थापित कोई भी अन्य प्रक्रिया | दस्तावेज़ में फोटो या अन्य जानकारी होनी चाहिएष जैसे कि नाम, उम्र, जाति, कद, वज़न, आँखों का रंग या पता<br>• राज्य या प्रदेश द्वारा जारी ड्राइवर्स लाइसंस या संघीय, राज्य या स्थानीय सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र<br>• स्कूल पहचान कार्ड<br>• यू.एस मिलिटरी कार्ड या ड्राफ्ट रिकॉर्ड या मिलिटरी डिपेन्डन्ट पहचान कार्ड<br>• यू.एसत कोस्ट गार्ड मर्चन्ट मरीनर कार्ड<br>• मतदाता पंजीकरण कार्ड<br>• किसी क्लिनिक, डॉक्टर, अस्पताल या स्कूल का रिकॉर्ड जिसमें प्रीस्कूल या डेकेयर रिकॉर्ड शामिल हैं (19 साल से कम आयु के बच्चों के लिए)।<br>• संगत जानकारी वाले दो दस्तावेज़ जो आपकी पहचान को साबित करती है, जैसे कि नियोक्ता के पहचान पत्र, हाई स्कूल और कॉलेज डिप्लोमा, शादी का प्रमाण पत्र, तलाक के आदेश, संपत्ति के कागज़ात या टाइटल। |

# कोई अन्य स्वास्थ्य कवरेज न होने का साक्ष्य

## इस बात का सबूत कि आप Medicare के लिए पात्र नहीं हैं

नोट: अगर आप Medicare के लिए पात्र हैं (चाहे आपने नामांकन कराया हो या नहीं) आप टेक्स क्रेडिट के लिए पात्र नहीं हैं।

- Medicare बेनिफिट्स का पत्र या स्टेटमेन्ट जो साबित करता है कि आप अब Medicare बेनिफिट्स के लिए पात्र नहीं हैं। पत्र में आप आखरी बार जब Medicare के लिए पात्र थे वह तिथि होनी चाहिए।
- आपका Medicare नामांकन कार्ड (अगर आपके पास नामांकन कार्ड हो, तो आप टेक्स क्रेडिट के लिए पात्र नहीं रहेंगे)।
- अन्य स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए गैर-पात्रता की घोषणा (Declaration of Ineligibility for Other Health Insurance Coverage) फॉर्म, HBE 13-010। यह फॉर्म यहाँ मिल सकता है https://www.wahealthplanfinder.org/content/dam/wahbe-assets/materials/declaration-of-ineligibility-for-other-coverage/HBE_NC_161219_Declaration_Of_Ineligibility_Form.pdf

किफायती देखभाल कानून (Affordable Care Act) कहता है कि अगर आप Medicare बेनिफिट्स के लिए पात्र हैं, चाहे आप उनमें नामांकन कराएं या नहीं, आप टेक्स क्रेडिट के लिए पात्र नहीं रहेंगे। अगर आप Medicare के लिए पात्र हैं, और आपको टेक्स क्रेडिट मिल रही है, तो आपको संभवतः साल के अंत में जब आप अपना IRS टेक्स रिटर्न भरेंगे, तब ये टेक्स क्रेडिट वापस करनी होगी।

## आप अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा में नामांकित नहीं हैं उसका सबूत

- हस्ताक्षरित और स्वयं प्रमाणित पत्र जिसमें कहा गया हो कि आपके पास कोई अन्य कवरेज नहीं है।
- अन्य स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए गैर-पात्रता की घोषणा (Declaration of Ineligibility for Other Health Insurance Coverage) फॉर्म, HBE 13-010। यह फॉर्म यहाँ मिल सकता है https://www.wahealthplanfinder.org/content/dam/wahbe-assets/materials/declaration-of-ineligibility-for-other-coverage/HBE_NC_161219_Declaration_Of_Ineligibility_Form.pdf
- बीमा पॉलिसी या कार्ड की प्रति जो नामांकन की शुरुआत और समान की तिथि दिखाती हो।
- हेल्थ बेनिफिट्स का स्टेटमेन्ट जो हेल्थ कवरेज की पुष्टि और समापन की तिथियाँ प्रदान करता हो।
- बीमा कंपनी से समापन का पत्र।
- पूर्व सैनिक प्रशासन (Veterans Administration) से पत्र जो दिखाता हो, कि पहले के किसी भी स्वास्थ्य कवरेज की समाप्ति हो चुकी है, जिसमें समाप्ति तिथि शामिल हो।
- शांति दल (Peace Corps) से पत्र जो दिखाता हो कि पहले के किसी भी स्वास्थ्य कवरेज की समाप्ति हो चुकी है, जिसमें समाप्ति तिथि शामिल हो।
- Washington Apple Health, Medicaid या Children’s Health Insurance Program (CHIP) से पत्र या स्टेटमेन्ट जो पहले के कवरेज की समाप्ति की पुष्टि करता हो, और जिसमें समाप्ति की तिथि शामिल है।

# ग ैर-कारावास का सबूत

- संस्थान या सुधार विभाग (Department of Corrections) से आधिकारिक मुक्ति के कागज़ात।

- पेरोल के कागज़ात।
- कारावस प्रमाणन फॉर्म (Incarceration Attestation Form) जो यहाँ मिलेगा https://www.wahealthplanfinder.org/content/dam/wahbe-assets/materials/proof-of-non-incarceration/HBE_NC_161219_Declaration_Of_Non_Incarceration_Form.pdf
- जिसका समय समाप्त न हुआ हो ऐसा राज्य का पहचान पत्र, ड्राइवर्स लाइसंस, वर्क आईडी, यूएस पासपोर्ट, कानूनी स्थायी निवासी कार्ड (Lawful Permanent Resident Card) (I-551), या रोज़गार अधिकृति कार्ड (I-766)।
- पे स्टब।
- संघीय, राज्य या स्थानीय बेनिफिट का पत्र।
- प्रदान सेवाओं के लिए क्लिनिक, डॉक्टर या अस्पताल के रिकॉर्ड।
- प्रदान बेनिफइट्स के लिए चिकित्सीय दावों का स्पष्टीकरण।
- नामांकन दिखाने वाले स्कूल रिकॉर्ड/समयसारणी (यानी कि कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए)।
- बैंक या क्रेडिट कार्ड का स्टेटमेन्ट जिसमें लेनदेन का इतिहास हो (केवल जिस व्यक्ति की बात हो रही हो उसी के नाम वाला, जॉइंट खाता नहीं)।
- सैनिक रिकॉर्ड।
- सेल फोन का बिल (जिसमें केवल जिस व्यक्ति की बात हो रही हो उसी का नाम हो)।
- लीज़ (सक्रिय लीज़ होनी चाहिए, जहाँ व्यक्ति इस वक्त रहता हो)।
- कथिक गलत कारावास असंगतता वाले व्यक्ति से हस्ताक्षरित नोटरी किया हुआ कथन, जो यह दिखाता हो कि वह समुदाय में रहते हैं, और जिसमें उसका नाम, जन्म तिथि और पता दिखाया गया हो।
- किराये की रसीदें (जिसमें केवल उस व्यक्ति का नाम हो, जिसकी गलत कारावास की अंसगतता हो)।
- समुदाय के भीतर के किसी व्यक्ति का लिखित कथन जो व्यक्ति का नाम, जन्म तिथि, पता, फोन नंबर, कथित गलत कारावास की असंगतता वाले व्यक्ति से उनका संबंध और यह कि व्यक्ति समुदाय में मौजूद है और हिस्सा ले रहा है।

## सोशल सिक्योरिटी नंबर (SSN) का सबूत

- सोशल सिक्योरिटी कार्ड
- टेक्स फॉर्म।
- सोशल सिक्योरिटी से आपके SSN वाला बेनिफिट या आय का स्टेटमेन्ट।
- SSN के लिए अनिर्णीत आवेदन।
- सोशल सिक्योरिटी से यह बताने वाला पत्र की आप SSN के लिए पात्र नहीं हैं या फिर केवल गैर-काम SSN के लिए ही पात्र हैं।
- ऐसा पत्र जिसमें कहा गया हो कि आप स्थापित धार्मिक आपत्तियों के चलते SSN प्राप्त करने से इन्कार करते हैं।
- जनजातीय नामांकन कार्ड जिसमें नाम और पूरा SSN हो।

## जनजाति की सदस्यता का सबूत

- जनजाति नामांकन / सदस्यता कार्ड (अवधि समाप्त हुई हो सकती है)।
- किसी जनजाति से किसी व्यक्ति की सदस्यता घोषित करने वाला असली दस्तावेज़।

- I-872 अमेरिकन इंडियन कार्ड।
- यू.एस. अमेरिकन इंडियन/अलास्का नेटिव ट्राइबल नामांकन या शेयर धारक दस्तावेज़।

किसी संघीय रूप से स्वीकृत ट्राइब या ब्यूरो ऑफ इंडियन अफेयर्स से नामांकन या सदस्यता दस्तावेज़। यह जनजाति के लेटरहेड पर होना चाहिए, या फिर कोई नामांकन / सदस्यता कार्ड होना चाहिए, जिसमें जनजाति का सील और / या आधिकारिक हस्ताक्षर होना चाहिए।

  - अलास्का नेटिव विलेज / जनजाति या अलास्का नेटिव कॉर्पोरेशन सेटलमेन्ट ऐक्ट (Alaska Native Corporation Settlement Act, ANCSA) प्रादेशिक या ग्रामीण निगम द्वारा जारी किया गया दस्तावेज़ जो शेयरधारक स्थिति की स्वीकृति करता हो।

- बोर्ड ऑफ इंडियन अफेयर्स या किसी जनजाति द्वारा जारी इंडियन खून की मात्रा का प्रमाणपत्र (Certificate of Degree of Indian Blood, CDIB) अगर CDIB में जनजातीय नामांकन जानकारी हो।
- यू.एस. स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (Department of Health and Human Services, HHS) से एक पत्र जो किसी जनजाति के सदस्य को जनजाति की सदस्यता या अलास्का नेटिव शेयरधारक स्थिति के आधार पर छूट देता हो।
- सालाना पेमेन्ट स्टब या स्टेटमेन्ट।